लोक सभा अध्यक्ष ने मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू और अन्य त्योहारों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

...

13 जनवरी, 2024: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू और अन्य त्योहारों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"मकर संक्रांति, पोंगल, उत्तरायण, माघ बिहू, शिशिर संक्रांति, खिचड़ी और पौष संक्रांति के अवसर पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के विभिन्न भागों में अलग-अलग नाम से मनाए जाने वाले इस पर्व के शुभ अवसर पर मेरी यही कामना है कि आपका जीवन प्रकाशमय हो, भविष्य उज्जवल हो, स्वास्थ्य उत्तम रहे और घर-परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली आए।"